**अनुक्रमांक/ROLL NO** **सेट/SET: 1**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

# केंद्रीय विद्यालय संगठन ,जयपुर संभाग

**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN ,JAIPUR REGION**

**प्रथम प्री बोर्ड परीक्षा/ 1ST PRE BOARD EXAMINATION :2024-25**

**कक्षा/CLASS: दसवीं/10th**

**विषय/SUB: हिंदी/HINDI (कोड/CODE: 002)**

**अधिकतम अवधि/Time Allowed: 3 Hours** **अधिकतम अंक/ Maximum Marks: 80**

**सामान्य निर्देश/General Instructions:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए:

- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।
- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं जिसमें उप प्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है ।
- खंड-घ में कुल चार प्रश्न हैं सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं ।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

| प्रश्न संख्या | **खंड - क (अपठित बोध )** | अंक 14 |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 7 |
| | अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, बाल श्रम को इस प्रकार परिभाषित किया गया है: “वह काम जो बच्चों को उनके बचपन, उनकी क्षमता और उनकी गरिमा से वंचित करता है और जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है।" एक सामाजिक बुराई के रूप में संदर्भित, भारत में बाल श्रम एक अनिवार्य मुद्दा है जिससे देश वर्षों से निपट रहा है। लोगों का मानना है कि बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का दायित्व सिर्फ सरकार का है। यदि सरकार चाहे तो कानून का पालन न करने वालों एवं कानून भंग करने वालों को सजा देकर बाल श्रम को समाप्त कर सकती है, किंतु वास्तव में यह केवल सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं है बल्कि इसे सभी सामाजिक संगठनों, मालिकों, और अभिभावकों द्वारा भी इस समस्या का समाधान कर | |

| | | |
|---|---|---|
| | लेना चाहिए ।<br>हमारे घरों में, ढाबों में, होटलों में, खानों में, कारखानों में अनेक बाल-श्रमिक मिल जाएँगे, जो कड़ाके की ठंड और तपती धूप की परवाह किए बिना काम करते हैं। विकासशील देशों में गरीबी और उच्च स्तर की बेरोज़गारी बाल श्रम का मुख्य कारण है। बाल मज़दूरी इंसानियत के लिए अपराध है जो समाज के लिए शाप बनती जा रही है तथा जो देश की वृद्धि और विकास में बड़ा बाधक मुद्दा है। हमें सोचना होगा कि सभ्य समाज में यह अभिशाप क्यों मौजूद है? जिस उम्र में बच्चों को सही शिक्षा मिलनी चाहिए, खेलकूद के माध्यम से अपने मस्तिष्क का विकास करना चाहिए, उस उम्र में बच्चों से काम करवाने से उनका शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास रुक जाता है। शिक्षा का अधिकार मूल अधिकार होता है। शिक्षा से किसी भी बच्चे को वंचित रखना अपराध माना जाता है ।<br>आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकारी स्तर से लेकर व्यक्तिगत स्तर तक सभी लोग इसके प्रति सजग रहें और बाल श्रम के कारण बच्चों का बचपन न छिन जाए, इसके लिए कुछ सार्थक पहल करें। आम आदमी को भी बाल मज़दूरी के विषय में जागरूक होना चाहिए और अपने समाज में इसे होने से रोकना चाहिए। बाल श्रम को खत्म करना केवल सरकार का ही कर्तव्य नहीं है हमारा भी कर्तव्य है कि हम इस अभियान में सरकार का पूरा साथ दें। | |
| (क) | गद्यांश के आधार पर बताइए कि बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के संबंध में लोगों की सोच क्या है?<br>(i) बाल श्रम को समाप्त करना केवल समाजसेवी संस्थाओं का दायित्व है।<br>(ii) बाल श्रम को समाप्त करना केवल जनता का दायित्व है।<br>(iii) बाल श्रम को समाप्त करना केवल सरकार का दायित्व है।<br>(iv) बाल श्रम को समाप्त करना केवल अभिभावकों का दायित्व है। | 1 |
| (ख) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-<br>कथन (A) : बाल श्रम जैसे सामाजिक अभिशाप से देश को लाभ होता है।<br>कारण (R) : बाल श्रम से देश की आय में बढ़ोतरी होती है।<br>(i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | बच्चों को परिवार वालों के द्वारा बाल श्रम के लिए विवश किया जाता है क्योंकि - कथन के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br>1. देश में बाल मजदूरों की आवश्यकता है।<br>2. उनमें निर्धनता और भुखमरी हैं।<br>3. उनमें शिक्षा का अभाव है।<br>4. देश में श्रमिकों का अभाव है।<br>विकल्प<br>(i) कथन 1 और 2 सही हैं।<br>(ii) कथन 1 और 4 सही है।<br>(iii) केवल कथन 2 सही है ।<br>(iv) कथन 2, 3 और 4 सही हैं। | 1 |
| (घ) | अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार बाल श्रम को परिभाषित कीजिए । | 2 |
| (ङ) | किसी भी सभ्य समाज के लिए बाल श्रम अभिशाप क्यों है? | 2 |
| 2. | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br>उठो-उठो कर्तव्य न छोड़ो<br>ऐ भारत माँ की संतान !<br>आज मुल्क की शान पुकारे,<br>करो कर्म का तुम सम्मान !!<br>करो कर्म वैसा जिससे हो<br>भारत-भूतल का उत्थान,<br>बनो कुशल, कुशाग्र बुद्धि तुम<br>जिसमें होवे तेरा मान।<br>आज जरूरत है भारत को<br>कर्मठ वीर जवानों की ,<br>आज जरूरत है धरती को<br>कर्मठ वीर किसानों की।<br>हरियाली को गीत-दान दो<br>भू पर सावन-लहरा दो,<br>निज वसंत का स्वर लहराए<br>ऐसी ही भू पर सिंचन दो।<br>त्यागो अब निद्रा, जाओ तुम | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| | खेतों और खलिहानों में,<br>नई चेतना फिर से ला दो<br>मुरझाए उद्यानों में।<br>तेरे सत्कार्यों के प्रतिफल<br>धरा झूम फिर नाचेगी,<br>भारत की प्रगति शिखा फिर<br>स्वयं प्रज्वलित हो जाएगी।<br>ऐसा ही सत्कार्य करो तुम<br>ऐ भारत माँ की संतान !<br>आज मुल्क की शान पुकारे<br>करो कर्म का तुम सम्मान !! | |
| (क) | आज देश को कैसे लोगों की जरूरत है ? उचित विकल्प का चयन कीजिए -<br>1.आलसी लोगो की<br>2. चालाक व्यक्ति की<br>3. कर्मठ किसानों की<br>4. कर्मठ जवानों की<br>विकल्प<br>(i) कथन 1 और 2 सही हैं।<br>(ii) कथन 1 और 4 सही है।<br>(iii) केवल 3 और 4 सही है ।<br>(iv) कथन 1, 3 और 4 सही हैं। | 1 |
| (ख) | उपर्युक्त कविता में किसके सम्मान की बात कही गई है ?<br>(i) धर्म के (ii) कर्म के (iii) देश के (iv) माँ के | 1 |
| (ग) | कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए :<br>कथन (A): देशवासियों के सत्कार्यों से ही देश उन्नति करता है।<br>कारण (R): सभी देशवासी भारत देश में निवास करते है।<br>(i) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है<br>(ii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है<br>(iii) कथन (A) एवं कारण (R)सही है तथा कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या करता है।<br>(iv) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। | 1 |
| (घ) | देश को किन लोगों की जरूरत है ? | 2 |
| (ङ) | उपर्युक्त कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है ? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड- ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | 16 |
| 3. | निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | 'बालगोबिन भगत जानते है कि बुढ़ापा आ गया।' आश्रित उप वाक्य का प्रकार बताइए- | 1 |
| (ख) | (i) अच्छे लड़के परिश्रमी होते हैं।<br>(ii) जो अच्छे लड़के होते है वे परिश्रमी होते हैं ।<br>वाक्य(i) से वाक्य(ii) में किए गए परिवर्तन से किस प्रकार के वाक्य का निर्माण हुआ? | 1 |
| (ग) | 'वे छात्र जो कल नहीं आए थे, खड़े हो जाएँ ।' (सरल वाक्य में बदलिए ) | 1 |
| (घ) | मैं जयपुर जा रहा हूँ और वहाँ से मुंबई जाऊँगा। वाक्य का भेद बताइए | 1 |
| (ङ) | सुबह होते ही पक्षी चहचहाने लगे। मिश्र वाक्य में बदलिए । | 1 |
| 4. | निर्देशानुसार वाच्य पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | लड़कों द्वारा अपना कमरा साफ किया गया । (कर्तृ वाच्य में बदलिए) | 1 |
| (ख) | किस वाच्य में क्रिया हमेशा अकर्मक रहती है ? | 1 |
| (ग) | शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रगों में बहते हुए खून को लावे में बदल दिया था । (कर्म वाच्य में बदलिए ) | 1 |
| (घ) | आओ, यहाँ बैठ सकते है। वाच्य का प्रकार बताइए । | 1 |
| (ङ) | बिना सहारे दादाजी अब चल नहीं पाते। (भाव वाच्य में बदलिए ) | 1 |
| 5. | निर्देशानुसार पद परिचय पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए :- | 4x1=4 |
| (क) | चौराहे की **<u>अधिकतर</u>** दुकानें बंद थी । रेखांकित का पद-परिचय कीजिए- | 1 |
| (ख) | **<u>हम</u>** कटाओ के करीब आ रहे थे। रेखांकित अंश का पद-परिचय कीजिए। | 1 |
| (ग) | वह हमेशा **<u>गीता</u>** पढ़ता है । रेखांकित अंश का पद-परिचय कीजिए । | 1 |
| (घ) | **<u>वाह!</u>** भारत मैच जीता गया । रेखांकित अंश का पद-परिचय कीजिए । | 1 |
| (ङ) | रेखा **<u>हमेशा</u>** दौड़ लगाती है । रेखांकित अंश का पद-परिचय कीजिए । | 1 |
| 6. | निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए :- | 4x1=4 |
| (क) | 'अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।' | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | 'सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।' | 1 |
| (ग) | 'प्रीति-नदी में पाऊँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी ।' | 1 |
| (घ) | 'तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान<br>मृतक में भी डाल देगी जान' | 1 |
| (ङ) | 'हिमकणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।' | 1 |
| | **खंड - ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित )** | 30 |
| 7. | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br>हमने सुना, बालगोबिन भगत का बेटा मर गया। कुतूहलवश उनके घर गया । देखकर दंग रहा गया। बेटे को आँगन में एक चटाई पर लिटाकर सफ़ेद कपड़े से ढाँक रखा है । वह कुछ फूल तो हमेशा ही रोपते रहते, उन फूलों में से कुछ तोड़कर उस पर बिखरा दिए हैं; फूल और तुलसीदल भी। सिरहाने एक चिराग जला रखा है और उसके सामने जमीन पर ही आसन जमाए गीत गाए चले जा रहे हैं! वही पुराना स्वर, वही पुरानी तल्लीनता। घर में पतोहू रो रही है जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं । किन्तु बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं! हाँ गाते-गाते कभी-कभी पतोहू के नजदीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते। आत्मा-परमात्मा के पास चली गई, विरहिणी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात? मैं कभी-कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए। किन्तु नहीं, वह जो कुछ कर रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था -वह चरम विश्वास जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है। | 5x1=5 |
| (क) | बालगोबिन भगत अपनी बहू को उत्सव मनाने के लिए कह रहे हैं क्योंकि ................।<br>(i) उन्हें अपने पुत्र से प्रेम नहीं था। (ii) पुत्र ने परमात्मा को प्राप्त कर लिया है।<br>(iii) उन्होने परमात्मा को देख लिया है। (iv) वह ज़िम्मेदारी से मुक्त हो गई है। | 1 |
| (ख) | लेखक को यह संदेह है कि भगत कहीं पागल तो नहीं हो गए हैं क्योंकि वे ..........................।<br>(i) पुत्र को सफ़ेद कपड़े से ढक रहे हैं। (ii) पुत्र की मृत्यु पर गा रहे हैं ।<br>(iii) बहू को मायके भेज रहे हैं। (iv) घर छोडकर जा रहे हैं। | 1 |
| (ग) | विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली। इस कथन में बालगोबिन भगत के अनुसार 'विरहिनी' कौन है?<br>(i) आत्मा (ii) बहू (iii) ईश्वर (iv) शरीर | 1 |
| (घ) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए -<br>कथन A: पतोहू के नजदीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते । आत्मा-परमात्मा के पास चली गई । | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | कारण R: बालगोबिन भगत कबीर को साहब मानते थे। वे कबीर के आदर्शों का अनुकरण करते थे।<br>(i) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है<br>(ii) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है<br>(iii) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन की सही व्याख्या करता है ।<br>(iv) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन की सही व्याख्या नहीं करता है । | |
| (ङ) | 'वह चरम विश्वास जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है। इस पंक्ति का सही अर्थ होगा ?<br>(i) शरीर को एक दिन आत्मा से मिलना ही पड़ता है ।<br>(ii) परिवार के सदस्य को हमेशा के लिए जाना पड़ता है ।<br>(iii) पिता और पुत्र का संबंध इतना ही होता है<br>(iv) आत्मा जाकर परमात्मा से मिलती है । | 1 |
| 8. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | "बिस्मिल्ला खाँ हमेशा अपनी अजेय संगीत यात्रा के नायक रहेंगे" कथन की पुष्टि कीजिए। | 2 |
| (ख) | बिना विचार, घटना और पात्रों के, लेखक की इच्छा मात्र से कहानी बन सकती है। इस पंक्ति में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए । | 2 |
| (ग) | कैप्टन कौन था ? उसे कौनसी बात आहत करती थी ? | 2 |
| (घ) | 'आज का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के समान संस्कृत मानव नहीं है।'<br>संस्कृति पाठ के आधार पर स्पष्ट करें कि लेखक ने ऐसा क्यों कहा ? | 2 |
| 9. | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| | तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान<br>मृतक में भी डाल देगी जान<br>धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात...<br>छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात<br>परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,<br>पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण<br>छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल<br>बाँस था कि बबूल ? | |
| (क) | कवि ने बच्चे की मुसकान को दंतुरित क्यों कहा है ?<br>(i) क्योंकि बच्चे के मुख में दाँत नहीं हैं।<br>(ii) बच्चे के दाँत टेढ़े-मेढ़े हैं।<br>(iii) बच्चे का मुख नन्हें-नन्हें नए दाँतों से सुशोभित हो रहा है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (iv) बच्चे के दाँत पैने हैं। | |
| (ख) | "पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण" से क्या आशय है ?<br>(i) सुंदर कोमल शिशु के स्पर्श मात्र से ही कठोर-हृदय मनुष्य भी द्रवित हो उठता है।<br>(ii) बच्चे के कोमल स्पर्श में पाषाण सदृश हृदय में भी वात्सल्य की धारा बहा देने की क्षमता है।<br>(iii) बच्चे के स्पर्श से पत्थरों से जल की धारा फूट पड़ती है।<br>(iv) (क) एवं (ख) दोनों सही है। | 1 |
| (ग) | बालक की दंतुरित मुस्कान के सौन्दर्य को किन-किन बिंबों के माध्यम से प्रकट किया हैं ?<br>(i) हताश निराश व्यक्ति में प्राणों का संचार कर देने वाली मुस्कान<br>(ii) कठोर हृदय वाला मनुष्य भी विनम्र बन जाएगा ।<br>(iii) कवि की झोपड़ी में कमल का फूल खिला गया है ।<br>(iv) व्यक्ति के मन के फूल मुरझा जाएंगे ।<br>विकल्प<br>(i) विकल्प i , ii, iv सही है ।<br>(ii) केवल विकल्प i, iii सही है ।<br>(iii) केवल विकल्प i सही है ।<br>(iv) विकल्प i , ii , iii सही है । | 1 |
| (घ) | कवि ने "जलजात" की उपमा किसके लिए दी है ?<br>(i) बच्चे के लिए (ii) माँ के लिए (iii) कमल के लिए (iv) जलीय जीव के लिए | 1 |
| (ङ) | प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों में किस भाव की प्रधानता है ?<br>(i) घृणा (ii) विस्मय (iii) वात्सल्य (iv) वैराग्य | 1 |
| 10. | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया हैं ? | 2 |
| (ख) | 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर संक्षेप में लिखिए कि परशुराम की क्रोधपूर्ण बातें सुनकर लक्ष्मण ने उन्हें शूरवीर की क्या पहचान बताई ? | 2 |
| (ग) | स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है ? 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर स्पष्ट करें? | 2 |
| (घ) | संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन-किन क्षेत्रों में दिखाई देते हैं ? | 2 |
| 11. | पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : | 2x4=8 |
| (क) | देश की सीमा पर बैठे फ़ौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं ? उनके प्रति | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | हमारा क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए ? | |
| (ख) | लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया ? अपने शब्दों में स्पष्ट करें । | 4 |
| (ग) | भोलानाथ अपने मित्रों के साथ घंटों घर से बाहर खेला करता था । आप अपने मित्रों के साथ कौन-कौन से खेल और किस प्रकार खेलना पसंद करेंगे, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक एवं मित्रता को बढ़ावा देने वाले हों ? | 4 |
| | **खंड - घ (रचनात्मक लेखन )** | 20 |
| 12. | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों एक अनुच्छेद लिखिए :<br>(1) समाचार-पत्र : ज्ञान और मनोरंजन का साधन<br>● जिज्ञासा पूर्ति का सस्ता एवं सुलभ साधन<br>● रोजगार का साधन<br>● पढ़ने की आदत का विकास<br>● जागरूकता<br>(2) वन रहेंगे- हम रहेंगे<br>● वन प्रकृति का अनुपम उपहार<br>● वनों से लाभ<br>● मनुष्य का स्वार्थपूर्ण व्यवहार<br>● वन बचाएँ जीवन बचाएँ<br>(3) किस ऐतिहासिक व्यक्तित्व ने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया है ?<br>● व्यक्ति का नाम, गुण, विशेषताएँ<br>● उनसे जुड़ी कोई महत्त्वपूर्ण घटना<br>● निष्कर्ष | 1x6=6 |
| 13. | (क) आप अमित/ अमिता है तथा अपने नगर के एक जिम्मेदार नागरिक है । गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे है, जिससे आप चिंतित हैं। इन अपराधों की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>(ख) आप अमित / अमिता है। आपके विद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया तथा कई हिन्दी प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई। आपने भी हिन्दी काव्य-पाठ प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है । अपने दादाजी को हिन्दी-पखवाड़ा की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। | 1x5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | (क) आप कियांश कुमार है। आप बी. एड. कर चुके है । आपको विवेक इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर में हिन्दी अध्यापक/ अध्यापिका के पद के लिए आवेदन करना है । इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए ।<br>अथवा<br>(ख) आप विनय कुमार है । आपने अ. ब. स. प्रकाशन से राम नगर में ऑनलाइन कुछ पुस्तकें मँगवाई थीं । प्रकाशन द्वारा उनमें से दो पुस्तकें किसी अन्य लेखक की भेज दी गई हैं और एक पुस्तक के पहले कुछ पेज फटे हुए हैं । इसकी शिकायत करते हुए तथा इन पुस्तकों को शीघ्र लौटाने और नई पुस्तकें भिजवाने के लिए प्रकाशन के वरिष्ठ प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। | 1x5=5 |
| 15. | (क) स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 'रक्तदान-महादान' हेतु जागरूकता फैलाने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>(ख) आपके विद्यालय के शिक्षक को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए। | 1x4=4 |